Need to open Sports Authority of India (SAI) centre in Chhattisgarh - laid

श्री सुनील कुमार सोनी (रायपुर): मैं माननीय खेल मंत्री जी भारत सरकार का ध्यान निम्न विषय पर आकर्षित करना चाहता हूँ कि विगत 5 वर्षों में खेल मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार को किन-किन मदों में कितनी राशि जारी की गई है। माननीय मंत्री जी विगत 4 वर्षों में 5 करोड़ रूपये की राशि एक्सलेंस सेंटर बरचराई बिलासपुर को तीरंदाजी हेतु केन्द्र सरकार द्वारा राज्य सरकार को जारी की गई है, किन्तु आज पर्यंत राज्य सरकार द्वारा उक्त तीरंदाजी केन्द्र हेतु एक भी उपकरण क्रय नहीं किया गया है। मैं सरकार ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूँ कि छत्तीसगढ़ राज्य एक आदिवासी बाहुल्य राज्य है, जहाँ तीरंदाजी खेल की अपार संभावनाएं हैं। छत्तीसगढ़ राज्य, जो कि मध्यप्रदेश से अलग होकर बने लगभग 23 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) का कार्यालय आज तक छत्तीसगढ़ में नहीं खोला गया है। अतः मेरा विनम्र अनुरोध है कि छत्तीसगढ़ में भारतीय खेल प्राधिकरण का कार्यालय खोलते हुए विभिन्न खेलों हेतु अलग-अलग कोच नियुक्त किये जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी करें, जिससे कि छत्तीसगढ़ राज्य में उपलब्ध संसाधन जैसे कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के माध्यम से खेल का विकास किया जा सके।